प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.05.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में नामांकन पत्र भरने का आज दूसरा दिन है। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने के पहले दिन कल 16 हजार 8 सौ 91 नामांकन पत्र भरे गए इसके अलावा 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार जिला मंडी के सबसे अधिक 3 हजार 7 सौ 31 नामांकन प्राप्त हुए जबकि लाहौल स्पीति में सबसे कम 74 नामांकन दर्ज हुए। इसके अलावा चंबा में 2 हजार 67, ऊना में एक हजार 8 सौ 92, हमीरपुर में एक हजार 5 सौ 72, बिलासपुर में एक हजार 4 सौ 59, सोलन में एक हजार 4 सौ 15, कांगड़ा में एक हजार 4 सौ 7, कुल्लू में एक हजार 3 सौ 83, सिरमौर में 9 सौ 17, शिमला में 7 सौ 84 जबकि किन्नौर में एक सौ 90 नामांकन पत्र दर्ज किए गए। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं। प्रदेश की कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को वोट डाले जाएंगे। आकाशवाणी शिमला से प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं प्रियंका ठाकुर।

दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह आज से प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। उनका यह दौरा प्रदेश में चल रहे नगर निगम व पंचायतीराज चुनावों के दृष्टिगत अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रवास के दौरान वे मंडी जिला में विभिन्न संगठनात्मक एवं चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेंगे और पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार सौदान सिंह आज शाम मंडी पहुंचेंगे। कल उनका मंडी जिला में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों, संगठनात्मक बैठकों व चुनावी गतिविधियों में भाग लेने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे नगर निगम व पंचायतीराज चुनावों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे और चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे।

हवाई सेवा

शिमला जिला के जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे में 10 मई से फिर नियमित विमान सेवा शुरू होने जा रही है। एलायंस एयर दिल्ली–शिमला और शिमला–धर्मशाला के लिए मंगलवार को छोड़कर सप्ताह के छह दिन उड़ानें संचालित करेगी। कंपनी ने एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी है। ये सेवाए 2 नवंबर 2025 से बंद थी। अब दोबारा सेवाएं शुरू होने से पर्यटन कारोबार और यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

रेड क्रॉस दिवस

आज विश्व रेड क्रॉस दिवस है। यह दिवस मानवता, सेवा और सहायता की भावना को समर्पित है। विश्व रेड क्रॉस हर साल 8 मई को हेनरी ड्यूनेंट की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। वर्ष 2026 की इस वर्ष की थीम है– On the side of Humanity–मानवता के पक्ष में खड़ा होना है। यह थीम मानवता को जीवित रखने और अग्रिम पंक्ति के नायकों को सम्मान देने पर केंद्रित है। इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

थैलेसीमिया दिवस

आज विश्व थैलेसीमिया दिवस है। ये दिवस लोगों को थैलेसीमिया जैसी गंभीर रक्त संबंधी बीमारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा रक्तदान शिविर, जागरूकता रैली और स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर जांच और सही उपचार से थैलेसीमिया मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं।

आकाशवाणी मैराथन

आकाशवाणी की स्थापना की नब्बे–वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज सुबह राजधानी दिल्ली में मैराथन का आयोजन किया गया। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श वाक्य के साथ आकाशवाणी की स्थापना वर्ष 1936 में हुई थी। यह देश का सर्वाधिक विश्वसनीय प्रसारण माध्यम है, जो विभिन्न भाषाओं में समाचार बुलेटिन के अलावा संगीत, मनोरंजन और जन उपयोगी कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। इस मैराथन के आयोजन से आकाशवाणी न केवल अपनी गौरवशाली संस्कृति और अस्मिता का उत्सव मना रही है बल्कि स्वास्थ्य, स्फूर्ति, एकजुटता और लोकसंपर्क का संदेश भी प्रसारित कर रही है।

समझौता ज्ञापन – इंडिया एआई

इंडिया ए–आई और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से अपनाने के लिए कल नई दिल्लीय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि यह साझेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार और व्यापक अनुप्रयोग के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने कहा कि इस सहयोग के तहत, दोनों संस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाधान के लिये अपनी क्षमताओं के साथ साथ परिषद की चिकित्सा अनुसंधान विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे।

'किन्नौर बर्ड फेस्टिवल'

किन्नौर जिला में क्षेत्र की समृद्ध प्राकृतिक विरासत के संरक्षण व उत्सव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज से 10 मई तक कल्पा के गोली कंडा में 'किन्नौर बर्ड फेस्टिवल' का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस फेस्टिवल का उद्देश्य किन्नौर व हिमालयी क्षेत्र की अद्वितीय जैव विविधता को उजागर करना तथा स्थानीय समुदायों और प्रकृति के बीच गहरे संबंध को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव कल आयोजित होने वाले 'ग्लोबल बिग डे' व 'हिमालयन बर्ड काउंट' के साथ समन्वित रहेगा।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।